चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 26.3.26 | 3 | 1-5 |


• हकृवि में डाक विभाग की योजनाओं को लेकर जागरूकता कार्यक्रम, वीसी बोले

# डाकघर की योजनाएं आज भी निवेश का सबसे सुरक्षित, भरोसेमंद माध्यम

भास्कर न्यूज | हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में डाक विभाग द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं की जागरूकता को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए, जबकि हिसार डाक मंडल के अधीक्षक अनिल कुमार रोज विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। मंच पर कुलसचिव डॉ. पवन कुमार और उपरोक्त महाविद्यालय के अधिष्ठाता एवं अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग भी उपस्थित रहे। प्रो. बलदेव राज काम्बोज न कहा कि डाकघर की योजनाएं आज भी निवेश का सबसे सुरक्षित और भरोसेमंद माध्यम हैं। छोटी-छोटी बचत ही भविष्य में बड़ी सुरक्षा का आधार बनती है। डाकघर की योजनाएं आम नागरिकों के आर्थिक सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। अनिल कुमार रोज ने बताया कि हिसार डिविजन में 515 पोस्ट ऑफिस हैं, जिनमें नौ लाख 26 हजार बचत बैंक के खाते हैं। इसके अतिरिक्त 10 साल से कम उम्र की कन्याओं के लिए सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत 1 लाख 46 हजार खाते खोले गए हैं।



एचएयू में कार्यक्रम के दौरान कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज व अन्य।

कार्यक्रम में डाक विभाग के सहायक अधीक्षक रामबिलास अग्रवाल, दीपक कुमार सहित डाक विभाग और विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, अधिकारी, कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## डाकघर डिजिटल सेवाओं का एकीकृत केन्द्र बना

अनिल कुमार रोज ने बताया कि हिसार डिविजन में 23 पोस्ट ऑफिस आधार अपडेशन तथा नए आधार बनाने का कार्य कर रहे हैं। इसके अलावा सिरसा एवं हिसार में पासपोर्ट बनाने का कार्य भी किया जा रहा है।

कुलसचिव एवं कार्यक्रम के आयोजक डॉ. पवन कुमार ने कहा कि डाक विभाग केवल चिट्ठी भेजने का कार्य ही नहीं करता बल्कि यह डाक, बैंक, बीमा और डिजिटल सेवाओं का एकीकृत केन्द्र बन चुका है। सहायक अधीक्षक कृष्ण कुमार रोहिल्ला ने डाक विभाग द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 26.3.26 | 5 | 5-6 |


# 'छोटी-छोटी बचत ही भविष्य का आधार'

जागरण संवाददाता • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में डाक विभाग की ओर से संचालित योजनाओं की जागरूकता को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए जबकि हिसार डाक मण्डल के अधीक्षक अनिल कुमार रोज विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। मंच पर कुलसचिव डा. पवन कुमार और उपरोक्त महाविद्यालय के अधिष्ठाता एवं अनुसंधान निदेशक डा. राजबीर गर्ग भी उपस्थित रहे। कुलपति प्रो बलदेव राज काम्बोज ने बताया कि डाकघर की योजनाएं आज भी निवेश का सबसे सुरक्षित और भरोसेमंद



कार्यक्रम में उपस्थित श्रोतागण • विज्ञप्ति

माध्यम हैं। छोटी-छोटी बचत ही भविष्य में बड़ी सुरक्षा का आधार बनती है। डाक विभाग की योजनाओं को सुरक्षित और विश्वसनीय निवेश का माध्यम बताया। हिसार मंडल के डाक अधीक्षक अनिल कुमार रोज ने बताया कि हिसार डिविजन में 515 पोस्ट आफिस हैं, जिनमें नौ लाख 26 हजार बचत बैंक के खाते हैं इसके अतिरिक्त 10 साल से कम उम्र की कन्याओं के लिए सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत एक लाख 46 हजार खाते खोले गए हैं। कुलसचिव एवं कार्यक्रम के आयोजक डा. पवन कुमार ने बताया कि डाक विभाग केवल चिट्ठी भेजने का कार्य ही नहीं करता बल्कि यह डाक, बैंक, बीमा और डिजिटल सेवाओं का एकीकृत केन्द्र बन चुका है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 26.3.26 | 3 | 1-2 |

## हकृवि में डाक विभाग की योजनाओं को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज।

हिसार, 25 मार्च (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में डाक विभाग द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं की जागरूकता को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए जबकि हिसार डाक मंडल के अधीक्षक अनिल कुमार रोज विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। मंच पर कुलसचिव डॉ. पवन कुमार और उपरोक्त महाविद्यालय के अधिष्ठाता एवं अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग भी उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 26.3.26 | 11 | 3-6 |

# डाकघर की योजनाएं आज भी निवेश का सबसे सुरक्षित माध्यम : प्रो. काम्बोज

- हकृवि में डाक विभाग की योजनाओं को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज >> हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में डाक विभाग द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं की जागरूकता पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि रहे जबकि हिसार डाक मंडल के अधीक्षक अनिल कुमार रोज विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। मंच पर कुलसचिव डॉ. पवन कुमार और उपरोक्त महाविद्यालय के अधिष्ठाता एवं अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग भी उपस्थित रहे।

कुलपति प्रो. काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि डाकघर की योजनाएं आज भी निवेश का सबसे सुरक्षित और भरोसेमंद माध्यम हैं। छोटी-छोटी बचत ही भविष्य में बड़ी सुरक्षा का आधार बनती है। डाकघर की योजनाएं आम नागरिकों के आर्थिक सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने डाक विभाग की योजनाओं को सुरक्षित और विश्वसनीय निवेश का माध्यम बताते हुए कहा कि यह योजनाएं आमजन के आर्थिक सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।



हिसार। कार्यक्रम में उपस्थित कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज, डाक अधिकारी व उपस्थितजन।

## हिसार डिविजन में 515 पोस्ट ऑफिस : अनिल रोज

हिसार मंडल के डाक अधीक्षक एवं विशिष्ट अतिथि अनिल कुमार रोज ने बताया कि हिसार डिविजन में 515 पोस्ट ऑफिस हैं, जिनमें नौ लाख 26 हजार बचत बैंक के खाते हैं इसके अतिरिक्त 10 साल से कम उम्र की कन्याओं के लिए सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत 1 लाख 46000 खाते खोले गए हैं। उन्होंने बताया कि हिसार डिविजन में 23 पोस्ट ऑफिस आधार अपडेशन तथा नए आधार बनाने का कार्य कर रहे हैं। इसके अलावा सिरसा एवं हिसार में पासपोर्ट बनाने का कार्य भी किया जा रहा है। कुलसचिव एवं कार्यक्रम के आयोजक डॉ पवन कुमार ने कहा कि डाक विभाग केवल चिट्ठी भेजने का कार्य ही नहीं करता बल्कि यह डाक, बैंक, बीमा और डिजिटल सेवाओं का एकीकृत केन्द्र बन चुका है। सहायक अधीक्षक कृष्ण कुमार रोहिल्ला ने डाक विभाग द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| | 26.3.26 | 6 | 2-6 |

# दैनिक भास्कर

**ग्राफ्टिंग तकनीक** • हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में एकसाथ कई पौधों पर चल रही रिसर्च

## कलम विधि से बैंगन के साथ चेरी टमाटर और हरी मिर्च के साथ रंगीन शिमला मिर्च उगा सकेंगे किसान

यशपाल सिंह | हिसार

किसान अब सब्जी के एक पौधे के साथ अन्य सब्जी भी उगा सकेंगे। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का सब्जी विभाग ग्राफ्टिंग तकनीक (कलम विधि) के जरिए सब्जियों के एकसाथ कई पौधे तैयार कर रहा है। इसमें बीमारियों से रोधक जड़ और अधिक उत्पादन वाली धड़ की किस्मों का इस्तेमाल किया जा रहा है। जनवरी 2025 में शुरू हुई यूनिट में अब तक हरी मिर्च पर शिमला मिर्च व रंगीन शिमला मिर्च उगाई जा रही हैं। इसके अलावा जंगली बैंगन के साथ बेल वाला टमाटर और चेरी टमाटर पर रिसर्च हुए हैं। इनका प्रदर्शन एचएयू कृषि मेले में भी किया गया है। जंगली बैंगन नोमिटोड रोधी होने के कारण रूटस्टॉक के रूप में इस्तेमाल हो रहा है। यूनिट में अब कद्दू व लौकी की जड़ के साथ तरबूज, खरबूजा, टिंडा व खीरा लगाया जाएगा। दावा है कि यह सेंटर हरियाणा का पहला सब्जियों का ग्राफ्टिंग सेंटर है। इससेपहले जापान, कोरिया, स्पेन जैसे देशों में 1920 से ही 80% सब्जियों का उत्पादन ग्राफ्टिंग पौध से हो रहा है। भारत में अभी यह 5% भी नहीं है।



हिसार | ग्राफ्टिंग विधि से तैयार चेरी टमाटर और हरे बैंगन का पौधा।

### यह है ग्राफ्टिंग तकनीक



ग्राफ्टिंग विधि से तैयार सब्जियां।

एचएयू सब्जी विभाग के हेड डॉ. एसके तेहलान ने बताया कि पौधों में ग्राफ्टिंग कलम बांधना एक वनस्पति तकनीक है। इसमें दो अलग-अलग पौधों को क्लिप के माध्यम से इस तरह जोड़ा जाता है ताकि वो एक ही पौधे के रूप में विकसित हो सकें। इसमें जड़ वाले भाग को रूटस्टॉक कहते हैं। ऊपर के भाग को स्यान कहते हैं। यह विधि सब्जियों फलों और फूलों के उत्पादन में तेजी लाने और अच्छी नस्ल के पौधे तैयार करने के लिए उपयोग की जाती है।

### पॉली हाउस में नहीं आती नेमोटोड की समस्या

ग्राफ्टिंग यूनिट की इंचार्ज डॉ. इंदु अरोड़ा ने बताया कि इस तकनीक से सब्जियों की जड़ों को बदलकर बिना रसायन के नेमोटोड की समस्या से संरक्षित खेती में निदान व मृदा जनित फंगस की बीमारियों जैसे फ्युजेरियम, बैक्टिरियल विट आदि का समाधान संभव है। अजैविक तनाव जैसे लूनी मिट्टी, अधिक वर्षा या सूखे के लिए ग्राफ्टिंग रिसर्च भी सेंटर में आरंभ की है।

**मृदा जनित रोग भी खत्म होते हैं**

*एचएयू के ग्राफ्टिंग केंद्र पर कलम विधि से सब्जियों की पौध तैयार करने एवं प्राकृतिक गुणों से भरपूर देसी प्रजातियों को रूटस्टॉक के रूप में इस्तेमाल करने के लिए रिसर्च हो रही है। इस विधि से सब्जियों में नेमोटोड एवं मृदा जनित रोग भी समाप्त होते हैं।* - प्रो. बीआर काम्बोज, कुलपति, एचएयू, हिसार

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठकपक्ष | 25.03.2026 | -- | -- |


# छोटी-छोटी बचत ही भविष्य में बड़ी सुरक्षा का आधार : प्रो. बलदेव राज काम्बोज

## हकृवि में डाक विभाग की योजनाओं पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 26 मार्च :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में डाक विभाग की योजनाओं को लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में आयोजित हुआ, जिसमें कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं हिसार डाक मंडल के अधीक्षक अनिल कुमार रोज विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. पवन कुमार तथा महाविद्यालय के अधिष्ठाता एवं अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग भी मंच पर उपस्थित रहे। अपने संबोधन में प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने कहा कि डाकघर की योजनाएं आज भी सबसे सुरक्षित और भरोसेमंद निवेश का माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी बचत भविष्य में बड़ी आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है और आमजन के सशक्तिकरण में अहम भूमिका निभाती है। विशिष्ट अतिथि अनिल कुमार रोज ने बताया कि हिसार डिविजन में 515 पोस्ट ऑफिस संचालित हैं और करीब 9.26 लाख बचत बैंक खाते हैं। इसके अलावा सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 1.46 लाख खाते खोले गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि 23 पोस्ट ऑफिस आधार अपडेट और नए आधार बनाने की सुविधा दे रहे हैं, जबकि हिसार और सिरसा में पासपोर्ट सेवाएं भी उपलब्ध हैं। कार्यक्रम के आयोजक डॉ. पवन कुमार ने कहा कि डाक विभाग अब केवल पत्र भेजने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बैंकिंग, बीमा और डिजिटल सेवाओं का एकीकृत केंद्र बन चुका है। सहायक अधीक्षक कृष्ण कुमार रोहिल्ला ने डाक जीवन बीमा, बचत खाता, आवर्ती जमा (आरडी), सावधि जमा (एफडी), पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ), सुकन्या समृद्धि योजना और वरिष्ठ नागरिकों की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में अधिष्ठाता डॉ. राजबीर गर्ग ने सभी का स्वागत किया, जबकि मंच संचालन व धन्यवाद प्रस्ताव डॉ. सतपाल ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डाक विभाग और विश्वविद्यालय के विभिन्न अधिकारी, कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 25.03.2026 | -- | -- |

# हकृवि में डाक विभाग की योजनाओं को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## छोटी-छोटी बचत ही भविष्य में बड़ी सुरक्षा का आधार : प्रो बलदेव राज काम्बोज

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में डाक विभाग द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं की जागरूकता को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए जबकि हिसार डाक मण्डल के अधीक्षक अनिल कुमार रोज विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। मंच पर कुलसचिव डॉ. पवन कुमार और उपरोक्त महाविद्यालय के अधिष्ठाता एवं अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग भी उपस्थित रहे। कुलपति प्रो बलदेव राज काम्बोज ने अपने सम्बोधन



में कहा कि डाकघर की योजनाएं आज भी निवेश का सबसे सुरक्षित और भरोसेमंद माध्यम हैं।

छोटी-छोटी बचत ही भविष्य में बड़ी सुरक्षा का आधार बनती है। डाकघर की योजनाएं आम नागरिकों के आर्थिक सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने डाक विभाग की योजनाओं को सुरक्षित और विश्वसनीय निवेश का माध्यम बताते हुए कहा कि यह योजनाएं आमजन के आर्थिक सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। डिजिटल युग में डाक सेवाओं के आधुनिकीकरण को अपनाकर अपने भविष्य को उज्जवल बनाएं। उन्होंने बताया कि हम बचत के माध्यम से अपने परिवार और समाज को और अधिक सशक्त बना सकते हैं।

हिसार मंडल के डाक अधीक्षक एवं विशिष्ट अतिथि अनिल कुमार रोज ने बताया कि हिसार डिविजन में 515 पोस्ट ऑफिस हैं, जिनमें नौ लाख 26 हजार बचत बैंक के खाते हैं इसके अतिरिक्त 10 साल से कम उम्र की कन्याओं के लिए सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत 1 लाख 46000 खाते खोले गए हैं। उन्होंने बताया कि हिसार डिविजन में 23 पोस्ट ऑफिस आधार अपडेशन तथा नए आधार बनाने का कार्य कर रहे हैं। इसके अलावा सिरसा एवं हिसार में पासपोर्ट बनाने का कार्य भी किया जा रहा है। सहायक अधीक्षक कृष्ण कुमार रोहिल्ला ने डाक विभाग द्वारा संचालित की जा रही योजनाओ के बारे में विस्तार से जानकारी दी।